कैंपस

रंजीत पांडेय बने आइसीएसआइ के नये अध्यक्ष

रांची. पलामू जिले के सीएस रंजीत पांडे को वर्ष 2019 के लिए भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है. वहीं, कंपनी सचिव संस्थान ने सीएस आशीष गर्ग को उपाध्यक्ष नियुक्त किया. सीएस रंजीत पांडे कंपनी सचिव संस्थान के फैलो सदस्य हैं. वह विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय से विधि स्नातक के साथ-साथ विज्ञान स्नातक भी हैं. श्री पांडे बैंक, उद्योग मंडलों, आइसीएसआइ और आइसीएआइ द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों, सम्मेलनों व कार्यशालाओं में एक प्रमुख वक्ता रहे हैं. उन्होंने आइसीएसआइ प्रकाशनों के लिए कंपनी विधि पर कई लेख लिखे हैं. विलय, अधिग्रहण और कॉर्पोरेट पुनर्गठन, दिवालिया, वाणिज्यिक अनुबंध और समझौते, सेबी व पूंजी बाजार के मामले, लेख परीक्षा, अनुपालन व शिकायत और व्यापार क्षेत्र में कॉर्पोरेट के सलाहकार हैं. वह वर्ष 2015, 2016 व 2018 के लिए आइसीएसआइ के सचिवीय मानक बोर्ड एसएसबी के सदस्य रहे थे.